तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 खादी वस्त्रों की बेहतर तरीके से मार्केटिंग वेबसाइट...



13 रायपुर पावर स्टील ने रसमड़ा में चलाया स्वच्छता अभियान




छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


आगजनी : आग जामुन के घर में लगी जो देखते ही देखते पैरावट के ढेरों तक फैल गई

# बोरतरा में लगी आग, दो घरों में मची तबाही, महिला धुएं से हो गई बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम बोरतरा के मोहल्ले में मंगलवार दोपहर अचानक लगी। आग ने दो घरों को पूरी तरह जलाकर खाक कर दिया। आग की शुरुआत जामुन साहू के घर से हुई, जहां उस समय महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। आग इतनी तेजी से फैली कि जामुन साहू की पत्नी धुंए के कारण बेहोश हो गईं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, गनीमत रही कि समय रहते अन्य सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के वक्त जामुन साहू के घर में उनकी पत्नी और छोटे बच्चे थे। जैसे ही आग लगी, घर में धुंआ भर गया, जिससे उनकी पत्नी मूर्छित हो गईं। पड़ोसियों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। ग्राम पंचायत बोरतरा के सरपंच घासीराम साहू ने बताया कि आग पहले जामुन साहू के घर में लगी, जो देखते ही देखते पैरावट के ढेरों तक फैल गई। इसने पास स्थित शिवप्रसाद साहू के घर को भी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। घरों में रखा सारा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया।



### प्रशासन ने लिया जायजा, मुआवजे की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार विनोद बंजारे सहित प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस दल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवारों ने शासन से त्वरित आर्थिक सहायता, राशन और पुनर्वास की मांग की है। तहसीलदार ने बताया कि नुकसान का सर्वे करवाकर नियमानुसार सहायता प्रदान की जाएगी। आग लगने के कारणों की जांच अभी जारी है।





### ग्रामीणों ने बुझाई आग, फायर बिग्रेड नहीं पहुंची

ग्रामीणों ने अपनी तत्परता दिखाते हुए सबमर्सिबल पंप, कुएं और तालाब के पानी से आग पर काबू पाने की कोशिश की। उनकी सूझबूझ से कई लोगों की जान बच गई। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को बुलाने की कोशिश की, लेकिन समय पर वाहन उपलब्ध नहीं हो सका। अंततः आग बुझाने की पूरी जिम्मेदारी ग्रामीणों ने खुद ही निभाई।

# 23 वाहन चालकों से वसूला 7200 रुपए का जुर्माना



बेमेतरा पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। सोमवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में 23 वाहन चालकों पर कार्रवाई की, जिसमें 7,200 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात सुरक्षा नियमों के पालन के उद्देश्य से अभियान चलाया गया है। बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें और शराब पीकर वाहन न चलाएं। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने माईनर एक्ट के तहत 05 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। 6 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की, जिन्होंने शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराई थी।

**सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन-** बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। बिना किसी दबाव के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# खाना बनाने को लेकर पति ने पत्नी पर किया हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी ko पुलिस में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि गुलाब बाई कुर्रे ने पुलिस में शिकायत किया था कि पति जागेन्द्र कुर्रे खाना नही बनाने की बात को लेकर विवाद किया। उसके बाद आवेश में आकर घर में रखे लोहे के गैंती से महिला की हत्या करने की नियत से लगातार तीन बार वार किया। घटना में पीडिया के सीने एवं बांये पैर में गंभीर चोंट आई है। जिसका उपचार श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई में चल रहा था। जो डिस्चार्ज होने के बाद 20. अप्रेल को कुटाई पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करने पहुंची थी।

## खबर संक्षेप




### 59 किसानों को 17.24 लाख का ऋण शून्य ब्याज दर पर वितरित

**बेमेतरा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित, हसदा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के निर्देश पर खरीफ वर्ष 2025 हेतु किसानों को खाद एवं नकद ऋण वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

समिति प्रबंधक देवलाल सिन्हा ने जानकारी दी कि समिति में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। प्रारंभिक चरण में पहले ही दिन 59 किसानों को कुल 17.24 लाख रुपये का नकद एवं खाद ऋण 0 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना खरीफ फसल की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।

### 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

**बेमेतरा।** भीषण गर्मी और लू से झुलसते प्रदेश में आखिरकार सरकार ने राहत दी है। शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर अनुदान प्राप्त सभी स्कूलों में अब 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने पहले यह अवकाश 1 मई से लागू किया था, लेकिन लगातार बढ़ती गर्मी और पालकों की मांग को देखते हुए अब इसे पहले ही लागू कर दिया गया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। शिक्षकों को पूर्व की भांति शाला में उपस्थित रहना होगा। गौरतलब है कि हाल ही में लू की चपेट में आने से कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने की खबरें सामने आई थीं। इसके बाद शिक्षक संघ और पालकों ने समय से पहले अवकाश की मांग उठाई थी। शासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आज यह निर्णय लिया है।

# भरदा में निशुल्क पॉलिटेक्निक कोचिंग से बदल रही तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ विकेश के प्रयास से अब तक दर्जनभर छात्र पीपीटी में हो चुके हैं चयनित

सरकारी हाई स्कूल भरदा में सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क पॉलिटेक्निक कोचिंग और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के केंद्र में हैं विद्यालय के व्याख्याता विकेश कुमार यादव, जिनके निरंतर प्रयासों से अब तक दर्जनभर छात्र पीपीटी (प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट) में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच हीराधर निषाद ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए पॉलिटेक्निक कॉलेज बेरला में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क कोचिंग का लाभ ले रहे छात्रों को शुभकामनाएं दीं और इस सराहनीय पहल के लिए शिक्षक विकेश यादव की प्रशंसा की। संस्था के प्राचार्य ने तकनीकी शिक्षा को आत्मनिर्भरता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों से पीपीटी, पीईटी, पीएटी जैसी परीक्षाओं के लिए अभी से तैयारी शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज का दौर कौशल और तकनीकी दक्षता का है, जिसकी नींव कक्षा 10वीं और 12वीं के समय में रखी जाती है। विकेश यादव द्वारा संचालित इस निःशुल्क कोचिंग से लाभान्वित होकर ग्राम भरदा व लावातरा के छात्र-छात्राएं अब तकनीकी शिक्षा में अपनी राह बना रहे हैं। इनमें भुनेश्वरी भारती, वासनी, कुंदन, घनश्याम निषाद जैसे छात्र पॉलिटेक्निक कॉलेज बेरला में अध्ययनरत हैं, जबकि भूमिका निषाद, ▶▶| शेष पेज 13 पर



## फसलों के उन्नयन के लिए छोटे स्तर पर अनुसंधान पर दिया विशेष जोर

**बेमेतरा।** जिले के ढोलिया स्थित रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में खरीफ-2025 के लिए अनुसंधान परिषद और शिक्षा विस्तार परिषद की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी कृषि वर्ष में फसलों के उन्नयन के लिए छोटे स्तर पर अनुसंधान पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में डॉ. संदीप भंडारकर, अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य में क्षेत्रीय कृषि की आवश्यकताओं के अनुसार छोटे स्तर पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे कृषि क्षेत्र में सुधार और वृद्धि की जा सके। उन्होंने जिले की भौगोलिक विशेषताओं का हवाला देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में दलहन उत्पादन में एक समय में अग्रणी स्थिति थी, लेकिन अब किसानों की रुचि में गिरावट आई है, जिसे पुनः सक्रिय करना आवश्यक है। कृषि महाविद्यालय और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने पिछले साल की अनुसंधान उपलब्धियों की जानकारी दी और आने वाले समय के अनुसंधान प्रस्तावों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए प्रस्तुत किया। बैठक में यह भी तय किया गया कि कृषि कार्यों को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा, ताकि खरीफ-2025 में फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 32 आवेदन मिले, त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों का समाधान प्राप्त करने पहुंचे। कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, आवास योजनाओं, पेंशन और अन्य प्रशासनिक मुद्दों पर आवेदन दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि अन्य को जांच के लिए पंजीबद्ध किया गया।



जनदर्शन में तहसील साजा के ग्राम मौहाभाठा से दानीराम ने त्रुटि सुधार, थानखम्हरिया के सेमरिया से जयकिशन यादव ने अवैध कब्जा हटाने, साजा के परसबोड़ से हरक खुटेल ने प्रधानमंत्री आवास की राज्यांश जारी करने की मांग की। वहीं ग्राम डगनिया के लोगों ने अवैध कब्जे और बबूल वृक्षों की कटाई करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। इसके अतिरिक्त नागरिकों ने निराश्रित पेंशन, बैटरी चलित ट्रायसायकल, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगता पेंशन और अन्य समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेरला दीप्ती वर्मा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




